# नर्मदांचल





## एक नजर

### राज्य पात्रता परीक्षा का कमिश्नर श्री तिवारी ने किया निरीक्षण

**नर्मदापुरम** रविवार को मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य पात्रता परीक्षा 2025 के दौरान कमिश्नर श्री कृष्ण गोपाल तिवारी ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का सघन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा संचालन से संबंधित सभी व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की एवं केंद्र प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कमिश्नर श्री तिवारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या असुविधा का सामना न करना पड़े, यह संबंधित केंद्र प्रभारी सुनिश्चित करें। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर पहुँचकर फ्लाइंग स्क्वाड द्वारा किए गए निरीक्षण की जानकारी भी ली तथा सुरक्षा एवं गोपनीयता संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एस.एन.जी. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, इतवारा बाजार एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जुमेराती का भ्रमण किया।

# रेलवे एसी शेड विजेता, डीजल शेड उपविजेता

## महामंत्री अशोक शर्मा की अगुवाई में WCRMS क्रिकेट कप 2026 का हुआ समापन




**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 01 मार्च** रेलवे के नम्बर वन मान्यता प्राप्त संगठन वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ गाय निशान के महामंत्री अशोक शर्मा के आह्वान पर युवा जोड़ो अभियान के अंतर्गत मंडल अध्यक्ष आर के शर्मा व सचिव कमलेश परिहार के निर्देश पर 12 बंगला रेलवे ग्राउंड इटारसी में अंतर्विभागीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन पर स्वयं एनएफआईआर के संयुक्त महामंत्री जोनल महामंत्री अशोक शर्मा के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मजदूर संघ के मंडल सचिव कमलेश परिहार,चेतन गुलवानी, खेल अधिकारी, सचिन शर्मा, मुफ़ीद खान, एसडीओपी वीरेंद्र मिश्र, जीआरपी टीआई संजय चौकसे, अतुल त्रिपाठी, संजय अलपुरिया, मैनेजर सुजीत कुमार, सेंट्रल बैंक मैनेजर राजाराम वर्मा सहित अनेक रेलवे के समस्त अधिकारी व मजदूर संघ के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे। 8 दिन लगातार चले इस टूर्नामेंट में रेलवे के विभिन्न विभागों की 20 टीमों ने हिस्सा लिया। आज हुए फाइनल मैच में एसी शेड की टीम ने डीजल को हराकर ट्रॉफी पर कब्ज़ा किया। टूर्नामेंट को सफल बनाने में भगीरथ मीना, मंडल संगठक प्रीतम तिवारी, उपाध्यक्ष सन्तोष चतुर्वेदी, संजय केचे, महाकालेश्वर कश्यप, आकाश यादव, नितिन ओंकार, राजेश गौर, योगेश चौरे ,तरुण शुक्ला, आर के श्रीवास्तव, अर्जुन उटवार, गुलाब सरोदे, राजेश यादव, सौरभ गुप्ता ,दुर्गेश ,मनीष ,देवेंद्र रविंद्र ,जीतू धर्मेंद्र ,अनवर निलेश दिनेश , ज्ञान प्रकाश दुबे, ब्रजेन्द्र चौहान, सन्तोष दुबे सहित प्रतियोगिता को दिनरात मेहनत कर सजाने वाले को सफल ग्राउंड मैनेजर व एम्पायर सौरभ गुप्ता, देवेंद्र पटेल, वीरेंद्र बड़ोदिया, मनीष मेहरा, जितेंद्र केवट, दुर्गेश, नीलेश मैनेजमेंट कमेटी अमित, श्रीकांत, विनय, धर्मेंद्र कॉमेंटेटर हेमन्त शर्मा, राकेश पांडे, विशेष सहयोगी लक्की, चिंटू, रुस्तम, विशाल, धीरज, मनीष साउंड, ईश्वर, दिनेश सहित अनेक पदाधिकारी व सदस्यो की महत्वपूर्ण भूमिका रही। फाइनल मैच व समापन समारोह के लिए सैकड़ों दर्शक ग्राउंड पर देर रात तक उपस्थित रहे। विजेता, ट्रॉफी एवं नगद पुरस्कार 5001स्वर्गीय श्याम किशोर तिवारी की स्मृति में प्रदान किया गया उपविजेता ट्राफी व 3001, रमाकांत पांडे की स्मृति में सौरभ पांडे द्वारा प्रदान किया सभी के लिए भोजन व्यवस्था मन्डल संगठक मुख्य शाखा इटारसी द्वारा की गई। अवार्ड वितरण में में ऑफ द मैच, में ऑफ द सीरीज, बेस्ट बॉलर, बेस्ट बैट्समेन, केचर फील्डर आदि पुरस्कार व नकद इनाम समस्त स्पॉन्सर के द्वारा प्रदान किये गए। भोपाल मंडल 2crms के द्वारा 25000 की राशि प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए प्रदान की गई वहीं सेंट्रल बैंक आफ इंडिया की तरफ से 5000 की राशि प्रदान की गई भारतीय स्टेट बैंक की तरफ से कमेटी को क्रिकेट किट प्रदान की गई उत्कृष्ट बैंड प्रदर्शन के लिए महामंत्री जी द्वारा टीआरएम स्कूल को 5000 प्रदान किए गए.

# अपराधियों ने वारदात कर फ्लैग मार्च को दिखा दिया आईना



**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 1 मार्च।** शहर में बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। पुलिस की सख्ती और होली को लेकर किए जा रहे फ्लैग मार्च के दावों के बीच अपराधी खुलेआम वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामला रविवार सुबह 10 बजे का है, जहां पुरानी इटारसी के वार्ड नंबर 6 निवासी एक नगर पालिका सफाईकर्मी पर जानलेवा हमला किया गया।

जानकारी के अनुसार, अंकित टॉक 34 वर्ष, पिता चंद्र प्रकाश टॉक, रविवार सुबह ओवरब्रिज के नीचे नाश्ता कर रहे थे। इसी दौरान पुरानी इटारसी निवासी अजय अहिरवार उर्फ गुड्डू वहां पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी गुड्डू ने अचानक लोहे की पट्टी वाली पैनी ब्लेड निकाली और अंकित की गर्दन पर वार कर दिया। हमले के बाद अंकित लहूलुहान होकर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। घाव गहरा होने के कारण अंकित की गर्दन पर 10 टांके आए हैं। फिलहाल उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। शहर में ब्लेडबाजी की यह आठ दिन के भीतर दूसरी बड़ी वारदात है। इससे पहले सूरजगंज चौराहे पर भी एक नशेड़ियों ने दो भाइयों पर ब्लेड से हमला किया था। छोटे-मोटे विवाद अब सीधे जानलेवा हिंसा में बदल रहे हैं, होली पर्व को लेकर पुलिस की सख्ती का बदमाशों पर कोई असर नहीं दिख रहा है। नशेड़ियों और अपराधियों के मन से पुलिस का खौफ खत्म होता नजर आ रहा है।

# बीसीसी क्लब की पार्षद कप क्रिकेट स्पर्धा आज से

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 01 मार्च** रंगों के पर्व होली के पावन अवसर पर वार्ड क्रमांक 8 में इस वर्ष भी बीसीसी क्लब द्वारा आयोजित पार्षद कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 2 मार्च से किया जा रहा है। हर वर्ष की तरह इस बार भी प्रतियोगिता को लेकर युवाओं और क्षेत्रवासियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। होली के उल्लास के साथ खेल का रोमांच इस आयोजन को और भी विशेष बना रहा है। प्रतियोगिता के पूर्व रविवार को ट्रॉफियों का भव्य इनॉग्रेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर वार्ड 8 की पार्षद ज्योति राजकुमार बाबरिया मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। उनके साथ पासी समाज अध्यक्ष बाबूलाल कैथवास, गंगाराम चौहान, सुंदरलाल बाबरिया, देवेंद्र बाबरिया, रोहित बाबरिया, अजय कश्यप, राकेश बाबरिया, दिलीप बाबरिया एवं आरती बाबरिया, नीतू बाबरिया, नेहा बाबरिया, अरुण बाबरिया, आशा बाबरिया सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम में भाग लेने वाली 14 टीमों के कप्तानों ने अपने-अपने विचार रखे और खेल को खेल भावना से खेलने का संकल्प लिया। इस दौरान पर्ची निकालकर मैचों की रूपरेखा तय की गई। पार्षद ज्योति राजकुमार बाबरिया ने सभी टीमों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का संदेश देती है। इसी भावना के साथ खिलाड़ी मैदान में उतरें और खेल के माध्यम से एकता का परिचय दें। उन्होंने युवाओं के उत्साह की सराहना करते हुए सफल आयोजन की कामना की। पासी समाज अध्यक्ष बाबूलाल कैथवास ने कहा कि विगत 5 वर्षों से बंगलिया क्षेत्र में पार्षद कप का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। वार्ड के युवा इस प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए निरंतर मेहनत करते हैं। होली के अवसर पर आयोजित यह प्रतियोगिता सामाजिक समरसता को और मजबूत करेगी। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता के मैच 2 और 3 मार्च को खेले जाएंगे, जिसमें रोमांचक मुकाबले होंगे। होली के उत्सव के बीच खेल प्रेमियों को मैचों का आनंद लेने का अवसर मिलेगा।

## चिकित्सक ने होली रंगों को लेकर किया जागरूक

**पिपरिया** - रेलवे हॉस्पिटल में होली रंगों का त्यौहार बसंत उत्सव को लेकर रेलवे चिकित्सक ने जागरूक किया। रेलवे के डॉ आर आर कुर्रे ने बताया कि होली खेले पर सावधानी से होली रंगों का त्यौहार में विशेष सावधानी बरतें कौन कौन से कलर शरीर में क्या नुकसान करते है बताते हुए कहा कि गहरे कलर की कोई भी आर्टिफिशियल और केमिकल दोनों कलर नुकसान करते हैं सिल्वर काला गहरा,लाल, जिसमें लेड यानी पारा होता है जो आंखों के रोशनी के लिए बेहद खतरनाक होता है एवं सिंथेटिक रंग जैसे. रेड येलो, ब्लू बच्चों को लीवर एवं हाइपर एक्टिविटी यानी ज्ञान की कमी का कारण बनता है.

## गौकाष्ठ आधारित होलिका दहन हेतु दिशा निर्देश जारी

**नर्मदापुरम** मध्य प्रदेश सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के क्रम में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने जिले के समस्त एसडीएम को निर्देशित किया है कि जनसहयोग एवं सामाजिक सहभागिता के माध्यम से होलिका दहन में लकड़ी के स्थान पर उपलों एवं गौकाष्ठ के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाए। साथ ही प्राकृतिक एवं हर्बल रंगों से होली खेलने, पानी की बचत करने, पशु-पक्षियों पर रंग न डालने तथा हुड़दंग से दूर रहकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनाने के लिए आमजन को प्रेरित किया जाए। निर्देशानुसार जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित सार्वजनिक होलिका दहन कार्यक्रमों का नि:शुल्क पंजीयन कराया जाएगा।

# विधायक श्री सिंह ने भगवती माँ नर्मदा का पूजन किया




**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम** आध्यात्मिक माँ नर्मदा परिक्रमा के पावन दसवें दिवस पर सीहोर जिला के शाहगंज स्थित बांद्राभान (बाईराम आश्रम) के उत्तरी नर्मदा तट पर प्रात:काल पूज्य गुरुदेव आचार्य पंडित सोमेश परसाई के सानिध्य में सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक विजयपाल सिंह ने भगवती माँ नर्मदा का विधि-विधान से पूजन एवं भगवान शिव का अभिषेक किया। विधायक श्री सिंह ने प्रात:काल उत्तरी नर्मदा तट पर पूज्य संतजनों के सानिध्य में माँ नर्मदा का विधि-विधान से पूजन एवं भगवान शिव का अभिषेक किया। इस अवसर पर आश्रम में विराजित संत महात्माओं के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा गौशाला में गौसेवा कर पुण्य लाभ अर्जित किया। आश्रम परिसर में परिक्रमा यात्रियों के लिए भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें विधायक श्री सिंह ने स्वयं उपस्थित रहकर श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया।साथ ही पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ आश्रम परिसर में पौधारोपण भी किया गया। आश्रम में परिक्रमा यात्रियों हेतु भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से प्रसाद ग्रहण किया। बाईराम आश्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी एवं बुधनी विधायक रमाकांत भार्गव सहित माँ नर्मदा भक्तगण एवं नागरिकों ने विजयपाल सिंह का स्वागत किया।

## अल्टो कार से सांडिया रोड पर हो रही थी तस्करी

**पिपरिया, 1 मार्च** होली के त्योहार को देखते हुए अवैध मादक पदार्थों और शराब तस्करी के विरुद्ध पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम साई कृष्ण एस थोटा के मार्गदर्शन में पिपरिया पुलिस ने रविवार तड़के एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने घेराबंदी कर एक अल्टो कार से भारी मात्रा में अंग्रेजी और देशी शराब जब्त की है। जानकारी के अनुसार, रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान पिपरिया पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सांडिया की ओर से एक डार्क स्लेटी रंग की अल्टो कार एमपी 04 सीक्यू 4964 अवैध शराब लेकर पिपरिया की ओर आ रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने पकडा.

## श्री जैन को सौंपा गया अतिरिक्त प्रभार

**नर्मदापुरम/01,मार्च,2026/** श्री राजीव रंजन पाण्डेय, अपर कलेक्टर नर्मदापुरम के 28 फरवरी 2026 को सेवानिवृत्त होने के फलस्वरूप कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा प्रशासनिक कार्य सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए उनके दायित्वों के निर्वहन हेतु श्री अनिल कुमार जैन, संयुक्त कलेक्टर नर्मदापुरम को आगामी आदेश पर्यन्त अपर कलेक्टर, नर्मदापुरम का प्रभार सौंपा गया है।

# तीन अलग-अलग घटनाओं में 3 लोगों की मौत हुई

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी,1 मार्च** केसला थाना क्षेत्र के ग्राम सहेली में शनिवार रात 42 वर्षीय अजय कुमार बारसे का शव उनके घर के किचन में फंदे पर लटका मिला। परिजनों ने उन्हें नीचे उतारा, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। इस घटना की सूचना 28 फरवरी को शाम करीब 6.30 बजे पुलिस को मिली। पथरोटा थाना क्षेत्र में नहर क्रमांक 1300, खेड़ापति माता मंदिर के पास पानी में एक अज्ञात बुजुर्ग का शव बरामद हुआ। मृतक की उम्र लगभग 60 से 65 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस को इसकी सूचना 28 फरवरी को सुबह 11 बजे मिली थी। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया मौत डूबने से हुई प्रतीत हो रही है और मृतक की शिनाख्त के प्रयास जारी हैं। इटारसी के डीओसी प्लांट खेड़ा परिसर में गिरने से एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान 45 वर्षीय राकेश पिता मदनलाल मर्सकोले के रूप में हुई है, जो साईं बगीया के पीछे, न्यास कॉलोनी के निवासी थे। घटना की सूचना 28 फरवरी रात 9.15 बजे प्राप्त हुई। पुलिस के मुताबिक, अचानक गिरने से आई गंभीर चोटें उनकी मौत का कारण बनीं। पुलिस ने तीनों मामलों में पंचनामा कार्रवाई पूरी कर शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों ने बताया कि विस्तृत जांच के बाद ही इन मौतों के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

छोटा विज्ञापन
बड़ा लाभ

# जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने किये वृद्धाश्रम में फल वितरित

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी,1 मार्च** मध्य प्रदेश सरकार में सामाजिक न्याय एवं निशक्तजन कल्याण अनुसूचित जाति कल्याण के पूर्व कैबिनेट मंत्री वर्तमान विधायक (जबलपुर) लखन घनघोरिया के जन्मदिवस के अवसर पर फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष कांग्रेस खेल-खिलाड़ी प्रकोष्ठ रामशंकर सोनकर के नेतृत्व में आज एलआईसी न्यास कॉलोनी स्थित वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को फल वितरित किए गए। इस अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने कहा कि रामशंकर सोनकर द्वारा की गई यह पहल प्रेरणादायी है और हम सभी को ऐसे सामाजिक एवं सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। जिला खेल-खिलाड़ी प्रकोष्ठ अध्यक्ष रामशंकर सोनकर ने कहा कि जनसेवा ही सच्ची राजनीति का उद्देश्य है और वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान एवं सहयोग हमारा दायित्व है। विभाग एवं प्रकोष्ठ सह-प्रभारी मोहन झालिया तथा कांग्रेस महासचिव राजकुमार उपाध्याय ने भी अपने विचार व्यक्त किए। युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता गुफरान अंसारी ने कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त किया।

## माहेश्वरी महिला मंडल का फाग उत्सव

**पिपरिया** - माहेश्वरी महिला मंडल ने फाग उत्सव का आयोजन किया। माहेश्वरी महिला मंडल ने फाग उत्सव का आयोजन फाग के रसीया भजन कीर्तन के साथ प्रदेश सचिव राजश्री राठी की उपस्थिति में किया। फाग के रसीया होली आई रे होली, में तो मलूगी गुलाल, आज ब्रज में होली रे रसीया के साथ आनंद लेते हुए सामाजिक महिलाओं ने एक दूसरे को गुलाल से तिलक कर फाग उत्सव की बधाईयां दी। इस अवसर पर आशा मालपानी,बीना मूंदडा,दुर्गा गट्टानी, शोभा मानधन्या, रूचिका मालपानी,किरण हुरकट, साधना घुरका,गीता गांधी,नीता राठी, सीमा तोषनीवाल,तृप्ति चांडक उपस्थित रहे।

## चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक के प्रथम नगर आगमन पर किया स्वागत




**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 01 मार्च** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन द्वारा संगठन के विभिन्न मोर्चों एवं प्रकोष्ठों में नियुक्तियां किया की जा रही है। इसी कड़ी में भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक बनने पर हरदा के चिकित्सक डॉ विशाल सिंह बघेल की नियुक्ति प्रदेश संगठन द्वारा की गई। डॉ विशाल सिंह बघेल कई वर्षों से हरदा एवं आसपास के जिलों में स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, युवा जागरुकता जैसे विषयों पर लगातार कार्य कर रहे हैं। उनके इस योगदान व कार्यों को सराहते हुए संगठन ने प्रदेश स्तर की बड़ी जिम्मेदारी जिले के युवा चिकित्सक को सौंपी।

# समेरिटन्स में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम,1 मार्च** समेरिटन्स इंग्लिश मीडियम सेकेंडरी स्कूल, इटारसी में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विज्ञान विषय पर आधारित विविध कार्यक्रमों का आयोजन हुए। कार्यक्रम के सेवानिवृत्त शिक्षक सुभाष जैन थे। अन्य अतिथियों में सेवानिवृत् प्राचार्य जीपी मालवीय, प्रसिद्ध भागवत कथा वाचक पंडित विनय व्यास, शिक्षक-पालक संघ अध्यक्ष एनपी चौधरी, श्रीमती मोनिका चौधरी, श्रीमती हरप्रीत कौर उपस्थित रहीं। इस अवसर पर विधार्थियों ने मैजिक शो का आयोजन किया। विज्ञान के सिद्धांतों के माध्यम से मैजिक (जादू) को समझाया गया। नर्सरी एवं प्राथमिक कक्षाओं के विधार्थियों ने जीवन में संतुलित आहार की अहमियत पर नाटिका प्रस्तुत की। विद्यालय के छात्रों ने कई सराहनीय प्रायोगिक मॉडल प्रदर्शित किये, जिन्होंने उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर श्री जैन ने बच्चों को विज्ञान के उपयोग एवं महत्व के विषय में जानकारी प्रदान की। श्री मालवीय ने विज्ञान के योगदान के बारे में बताया। स्वागत भाषण शिक्षिका श्रीमती नमिता दीप्ति दास ने दिया जबकि प्राची शर्मा ने सीवी रमन के जीवन के बारे में जानकारी दी।

# आरक्षण बचाओ, संविधान बचाओ महाआंदोलन 22 को



**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 01 मार्च** एससी-एसटी-ओबीसी संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में रविवार को समय दोपहर 12 बजे बैठक आयोजित की गई । बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि की प्रदेश के प्रत्येक जिलों में टीम जाकर प्रचार प्रसार करेगी एवं हरदा जिले को 4 सेक्टर में बांटा गया है जिसमें अन्य दूसरे जिलों से आने वाले सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के लिए भोजन की व्यवस्था की जाएगी। जिसमें हंडिया , टिमरनी एवं सिराली , खिरकिया में भोजन की व्यवस्था रखी जाएगी ।कार्यक्रम की तैयारी को लेकर 10 सदस्यों की एक कमेटी गठित की गई है जो समय-समय पर कार्यक्रम को लेकर दिशा निर्देश जारी करेगी महाआंदोलन में लाखों की तादाद में एससी एसटी ओबीसी समाज एकजुट होगा. बैठक में उपस्थित अधिवक्ता सुखराम बामने एससी एसटी युवा अध्यक्ष राहुल पवारे महेंद्र काशिव मेहरा ओबीसी महासभा जिला अध्यक्ष राजेश गौर भीम आर्मी जिला अध्यक्ष सुनील खंडेल भारत आदिवासी पार्टी कार्यकारी जिला अध्यक्ष जयकुमार ऊईके नाजी जिला अध्यक्ष मंगलेश आजाद भारत आदिवासी पार्टी आदि उपस्थित थे.

**पहिए थमने की आहट** होली के ऐन वक्त पर बसों के पहिए थमने की खबर से सहमे यात्री

# बस आनर्स ने प्रदेशव्यापी हड़ताल स्थगित की



**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम, 01 मार्च** होली के ऐन वक्त पर बसों के पहिए थमने की आहट से सहमे यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। मध्यप्रदेश बस ऑनर्स एसोसिएशन ने कल 2 मार्च से प्रस्तावित प्रदेशव्यापी हड़ताल को स्थगित कर दिया है। शनिवार देर रात राजधानी भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास 'समत्व भवन' में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और बस ऑपरेटरों के बीच हुई मैराथन बैठक में सहमति बन गई है, जिसके बाद यात्री बसें अपने पूर्व निर्धारित समय और रूटों पर संचालित होती रहेंगी। हड़ताल टलने का सबसे सकारात्मक असर इटारसी और नर्मदापुरम के बीच आवागमन करने वाले हजारों यात्रियों पर पड़ेगा। जिला मुख्यालय होने के कारण इटारसी से प्रतिदिन सैंकड़ों कर्मचारी, वकील, छात्र और व्यापारी बसों से नर्मदापुरम जाते हैं। साथ ही भोपाल और आसपास के ग्रामीण अंचलों के लिए भी इटारसी एक मुख्य केंद्र है। होली के त्योहार पर अपने घर जाने वाले परदेशियों और गांव से शहर आने वाले लोगों के लिए बसों का चलना जीवनरेखा के समान है। हड़ताल की खबर से जो यात्री बीते दो दिनों से चिंतित थे, उन्होंने इस निर्णय के बाद राहत की सांस ली है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ हुई इस उच्च स्तरीय बैठक में बस ऑपरेटरों की आपत्तियों पर गंभीरता से विचार किया गया। शासन द्वारा जारी की गई विवादित अधिसूचना और सूचना पत्र को फिलहाल होल्ड कर दिया गया है। बस संचालकों की मांग पर विवादित राजपत्रों को अस्थायी रूप से सस्पेंड कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया है कि परिवहन मंत्री और विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर बस संचालकों की हर कठिनाई का हल निकाला जाएगा। किसी भी पक्ष का नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बैठक में स्पष्ट किया कि सरकार का ध्येय प्रदेश के हर ग्रामीण अंचल तक सुगम और सस्ती परिवहन सेवा पहुंचाना है। उन्होंने बस ऑपरेटरों से कहा कि लोक परिवहन की सेवा निर्बाध रूप से चलती रहनी चाहिए। इस सकारात्मक आश्वासन के बाद बस ऑनर्स एसोसिएशन ने हड़ताल वापस लेने और सेवाएं यथावत जारी रखने की पुष्टि की है। होली जैसे महत्वपूर्ण त्योहार पर यात्रियों की सुविधा हमारे लिए सर्वोपरि है। मुख्यमंत्री के साथ बैठक में हमारी मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाया गया है और विवादित आदेश को होल्ड किया गया है। अब 2 मार्च को कोई हड़ताल नहीं होगी, बसें सुचारू रूप से चलेंगी।